Ans. (a) : रतन देवी जयपुर राज्य से संबंधित थी। इन्होंने 1939 ई. में जयपुर राज्य प्रजामंडल के सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। इन्होंने 1942 ई. के भारत छोड़ों आन्दोलन में भूमिगत कार्यकर्ताओं व उनके परिवारों की सेवा की। इन्हें 1955 में पद्म श्री व 1975 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। पद्म विभूषण से सम्मानित राजस्थान की प्रथम महिला हैं।

817. विजय सिंह पथिक का वास्तविक नाम था-

(a) भूप सिंह गुर्जर (b) भाग सिंह गुर्जर
(c) बहादुर सिंह गुर्जर (d) बादल सिंह गुर्जर

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा-2019
कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (a) : विजय सिंह पथिक का वास्तविक नाम भूप सिंह गुर्जर था। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में गुर्जर परिवार में हुआ था। भारत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ सक्रिय भाग लिया और राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन की मशाल जलायी। उन्होंने 'राजस्थान केशरी' और 'नवीन राजस्थान' पत्रिका का संपादन किया। इन्होंने बिजालिया किसान आन्दोलन व वेगूँ किसान आन्दोलन का सफल संचालन किया।

818. 'राजस्थान के जतिन दास' कहलाते हैं-

(a) बालमुकुन्द बिस्सा
(b) प्रताप सिंह बारहठ
(c) नाना भाई खांट
(d) जोरावर सिंह बारहठ

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (a) : बालमुकुन्द बिस्सा को 'राजस्थान का जतिन दास' कहा जाता है। जोधपुर जेल में भूख हड़ताल के कारण स्वास्थ्य खराब हुआ और बिन्दल अस्पताल में इनकी मृत्यु हो गयी। बालमुकुन्द बिस्सा का जन्म नागौर जिले के डीडवाना तहसील की पीलवा गांव में हुआ था। जतिन दास ने लाहौर जेल में 63 दिन तक भूख हड़ताल की थी।

819. ''चिड़ावा का गांधी'' किसे कहा गया है?

(a) घनश्यामदास बिड़ला (b) मास्टर प्यारेलाल गुप्ता
(c) दामोदरदास राठी (d) सरदार हरलाल सिंह

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021
कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : मास्टर प्यारेलाल गुप्ता को 'चिड़ावा का गांधी' कहा गया। 1922 ई. में प्यारेलाल गुप्ता अलीगढ़ से चिड़ावा आए और अमर सेवा समिति की स्थापना की। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 'मारवाड़ का गांधी' भी कहा जाता है।

चिड़ावा का गांधी - मास्टर प्यारे लाल गुप्ता
राजस्थान का गांधी - गोकुल भाई भट्ट
मेवाड़ का गांधी- माणिक्य लाल वर्मा
मारवाड़ का गांधी- जयनरायण व्यास
शेखावटी का गांधी- बद्री नरायण सोदाणी
वांगड़ का गांधी - भोगीलाल पांड्या

820. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(a) डुंगजी - जवाहरजी - सिरोही
(b) महराब खान - कोटा
(c) लाल जयदयाल - कोटा
(d) ठाकुर कुशल सिंह - जोधपुर

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (a) : सही सुमेलित है-

डुंगजी - जवाहरजी	-	सीकर (शेखावटी)
महराब खान	-	कोटा
लाला जयदयाल	-	कोटा
ठाकुर कुशल सिंह	-	जोधपुर

821. राजस्थान में राजप्रमुख का पद कब समाप्त हुआ?

(a) 1 नवंबर, 1956 को
(b) 26 जनवरी, 1950 को
(c) 15 मई, 1949 को
(d) 18 अप्रैल, 1948 को

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (a) राजस्थान के एकीकरण के साथ ही 1नवम्बर 1956 को राजप्रमुख का पद समाप्त हो गया। राजस्थान के एकमात्र राजप्रमुख महामहिम महाराजा सवाई मान सिंह थे। राजप्रमुख का पद 7वें संविधान संशोधन 1956 द्वारा समाप्त कर 1/11/1956 को सरदार गुरुमुख निहाल सिंह को राज्यपाल बनाया गया।

822. सन् 2021 में घोषित 'पद्मश्री' सम्मान से राजस्थान से किसे सम्मानित किया गया?

(a) अर्जुनसिंह शेखावत (b) लाखा खान
(c) श्यामसुन्दर पालीवाल (d) इन सभी

पटवार-2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (d) – सन् 2021 में घोषित 'पद्मश्री' सम्मान से राजस्थान से तीन लोगों को सम्मानित किया गया। इस सूची में जोधपुर के सारंगी वादक लाखा खान, राजसमंद के रहने वाले पर्यावरणविद् श्याम सुन्दर पालीवाल और पाली जिले के लेखक अर्जुन सिंह शेखावत शामिल थे। मांगनियार समुदाय से आने वाले लाखा खान पांच स्थानीय भाषाओं में गीत गाते हैं। ये सिंधी सारंगी बजाने वाले अपने समुदाय के एक मात्र शख्स बचे हैं।

823. सर वी.टी. कृष्णामाचारी किस राज्य के दीवान थे?

(a) मेवाड़ (b) जोधपुर
(c) जयपुर (d) जैसलमेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक, सहायक (विष)-2019
महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (*) – वी.टी. कृष्णामचारी का जन्म 8 फरवरी-1881 को करूर जिले के वांगल गाँव में हुआ था। ये 1913-1919 तक मद्रास बोर्ड के अतिरिक्त सचिव, 1919-1922 तक विजय नगरम एस्टेट के ट्रस्टी, 1927-1944 तक बड़ौदा के दीवान, 1946-1949 तक जयपुर राज्य के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। ये 1961-1964 तक राज्य सभा के सदस्य रहें। अतः कोई विकल्प सही नहीं है।

824. किस प्रसिद्ध मॉड गायिका को कला के क्षेत्र में योगदान के लिए 1982 में पदमश्री से सम्मानित किया गया?

(a) अल्ला जिलाई बाई (b) गवरी बाई
(c) उषा चौहान (d) मांगी बाई

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – अल्ला जिलाई बाई (1902–1992) एक प्रसिद्ध राजस्थानी माड़ गायिका थी। ये मांड गायिका के साथ-साथ ठुमरी, ख्याल और दादरा में भी निपुण कलाकार थी। 1982 में भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में इनके योगदान हेतु पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया था।